थोड़ी देर बाद मालती ने फिर पूछा, ''आये कैसे हो, लारी में?''

''पैदल।''

''इतनी दूर? बड़ी हिम्मत की।''

''आख़िर तुमसे मिलने आया हूँ।''

''ऐसे ही आये हो?''

''नहीं, कुली पीछे आ रहा है, सामान लेकर। मैंने सोचा, बिस्तरा ले ही चलूँ।''

''अच्छा किया, यहाँ तो बस...'' कहकर मालती चुप रह गयी फिर बोली, ''तब तुम थके होगे, लेट जाओ।''

''नहीं, बिलकुल नहीं थका।''

''रहने भी दो, थके नहीं, भला थके हैं?''

''और तुम क्या करोगी?''

''मैं बरतन माँज रखती हूँ, पानी आएगा तो धुल जाएँगे।''

मैंने कहा, ''वाह!'' क्योंकि और कोई बात मुझे सूझी नहीं...

थोड़ी देर में मालती उठी और चली गयी, टिटी को साथ लेकर। तब मैं भी लेट गया और छत की ओर देखने लगा... मेरे विचारों के साथ आँगन से आती हुई बरतनों के घिसने की खन-खन ध्वनि मिलकर एक विचित्र एक-स्वर उत्पन्न करने लगी, जिसके कारण मेरे अंग धीरे-धीरे ढीले पड़ने लगे, मैं ऊँघने लगा...

एकाएक वह एक-स्वर टूट गया - मौन हो गया। इससे मेरी तन्द्रा भी

टूटी, मैं उस मौन में सुनने लगा...
चार खड़क रहे थे और इसी का पहला घंटा सुनकर मालती रुक गयी थी... वही तीन बजेवाली बात मैंने फिर देखी, अबकी बार उग्र रूप में। मैंने सुना, मालती एक बिलकुल अनैच्छिक, अनुभूतिहीन, नीरस, यन्त्रवत् - वह भी थके हुए यन्त्र के से स्वर में कह रही है, ''चार बज गये'', मानो इस अनैच्छिक समय को गिनने में ही उसका मशीन-तुल्य जीवन बीतता हो, वैसे ही, जैसे मोटर का स्पीडो मीटर यन्त्रवत् फ़ासला नापता जाता है, और यन्त्रवत् विश्रान्त स्वर में कहता है (किससे!) कि मैंने अपने अमित शून्यपथ का इतना अंश तय कर लिया... न जाने कब, कैसे मुझे नींद आ गयी।
तब छह कभी के बज चुके थे, जब किसी के आने की आहट से मेरी नींद खुली, और मैंने देखा कि महेश्वर लौट आये हैं और उनके साथ ही बिस्तर लिये हुए मेरा कुली। मैं मुँह धोने को पानी माँगने को ही था कि मुझे याद आया, पानी नहीं होगा। मैंने हाथों से मुँह पोंछते-पोंछते महेश्वर से पूछा, ''आपने बड़ी देर की?''
उन्होंने किंचित् ग्लानि-भरे स्वर में कहा, ''हाँ, आज वह गैंग्रीन का आपरेशन करना ही पड़ा, एक कर आया हूँ, दूसरे को एम्बुलेन्स में बड़े अस्पताल भिजवा दिया है।''
मैंने पूछा'' गैंग्रीन कैसे हो गया।''
''एक काँटा चुभा था, उसी से हो गया, बड़े लापरवाह लोग होते हैं यहाँ के...''
मैंने पूछा, ''यहाँ आपको केस अच्छे मिल जाते हैं? आय के लिहाज से नहीं, डॉक्टरी के अभ्यास के लिए?''
बोले, ''हाँ, मिल ही जाते हैं, यही गैंग्रीन, हर दूसरे-चौथे दिन एक केस आ जाता है, नीचे बड़े अस्पतालों में भी...''
मालती आँगन से ही सुन रही थी, अब आ गयी, ''बोली, ''हाँ, केस बनाते देर क्या लगती है? काँटा चुभा था, इस पर टाँग काटनी पड़े, यह भी कोई डॉक्टरी है? हर दूसरे दिन किसी की टाँग, किसी की बाँह काट आते हैं, इसी का नाम है अच्छा अभ्यास!''
महेश्वर हँसे, बोले, ''न काटें तो उसकी जान गँवाएँ?''
''हाँ, पहले तो दुनिया में काँटे ही नहीं होते होंगे? आज तक तो सुना नहीं था कि काँटों के चुभने से मर जाते हैं...''
महेश्वर ने उत्तर नहीं दिया, मुस्करा दिये। मालती मेरी ओर देखकर बोली, ''ऐसे ही होते हैं, डॉक्टर, सरकारी अस्पताल है न, क्या परवाह है! मैं तो रोज़ ही ऐसी बातें सुनती हूँ! अब कोई मर-मुर जाए

तो ख़याल ही नहीं होता। पहले तो रात-रात-भर नींद नहीं आया करती थी।''
तभी आँगन में खुले हुए नल ने कहा - टिप् टिप् टिप्-टिप्-टिप्-टिप्...
मालती ने कहा, ''पानी!'' और उठकर चली गयी। खनखनाहट से हमने जाना, बरतन धोए जाने लगे हैं...
टिटी महेश्वर की टाँगों के सहारे खड़ा मेरी ओर देख रहा था, अब एकाएक उन्हें छोड़कर मालती की ओर खिसकता हुआ चला। महेश्वर ने कहा, ''उधर मत जा!'' और उसे गोद में उठा लिया, वह मचलने और चिल्ला-चिल्लाकर रोने लगा।
महेश्वर बोले, ''अब रो-रोकर सो जाएगा, तभी घर में चैन होगी।''
मैंने पूछा, ''आप लोग भीतर ही सोते हैं? गरमी तो बहुत होती है?''
''होने को तो मच्छर भी बहुत होते हैं, पर यह लोहे के पलंग उठाकर बाहर कौन ले जाये? अब के नीचे जाएँगे तो चारपाइयाँ ले आएँगे।'' फिर कुछ रुककर बोले, ''आज तो बाहर ही सोएँगे। आपके आने का इतना लाभ ही होगा।''
टिटी अभी तक रोता ही जा रहा था। महेश्वर ने उसे एक पलंग पर बिठा दिया, और पलंग बाहर खींचने लगे, मैंने कहा, ''मैं मदद करता हूँ'', और दूसरी ओर से पलंग उठाकर निकलवा दिये।
अब हम तीनों... महेश्वर, टिटी और मैं, दो पलंगों पर बैठ गये और वार्तालाप के लिए उपयुक्त विषय न पाकर उस कमी को छुपाने के लिए टिटी से खेलने लगे, बाहर आकर वह कुछ चुप हो गया था, किन्तु बीच-बीच में जैसे एकाएक कोई भूला हुआ कर्त्तव्य याद करके रो उठता या, और फिर एकदम चुप हो जाता था... और कभी-कभी हम हँस पड़ते थे, या महेश्वर उसके बारे में कुछ बात कह देते थे...
मालती बरतन धो चुकी थी। जब वह उन्हें लेकर आँगन के एक ओर रसोई के छप्पर की ओर चली, तब महेश्वर ने कहा, ''थोड़े-से आम लाया हूँ, वह भी धो लेना।''
''कहाँ हैं?''
''अँगीठी पर रखे हैं, काग़ज़ में लिपटे हुए।''
मालती ने भीतर जाकर आम उठाये और अपने आँचल में डाल लिये। जिस काग़ज़ में वे लिपटे हुए थे वह किसी पुराने अखबार का टुकड़ा था। मालती चलती-चलती सन्ध्या के उस क्षण प्रकाश में उसी को पढ़ती जा रही थी... वह नल के पास जाकर खड़ी उसे

पढ़ती रही, जब दोनों ओर पढ़ चुकी, तब एक लम्बी साँस लेकर उसे फेंककर आम धोने लगी।

मुझे एकाएक याद आया...बहुत दिनों की बात थी... जब हम अभी स्कूल में भरती हुए ही थे। जब हमारा सबसे बड़ा सुख, सबसे बड़ी विजय थी हाज़िरी हो चुकने के बाद चोरी से क्लास से निकल भागना और स्कूल से कुछ दूरी पर आम के बग़ीचे में पेड़ों पर चढ़कर कच्ची आमियाँ तोड़-तोड़ खाना। मुझे याद आया... कभी जब मैं भाग आता और मालती नहीं आ पाती थी तब मैं भी खिन्न-मन लौट आया करता था।

मालती कुछ नहीं पढ़ती थी, उसके माता-पिता तंग थे, एक दिन उसके पिता ने उसे एक पुस्तक लाकर दी और कहा कि इसके बीस पेज रोज़ पढ़ा करो, हफ़्ते भर बाद मैं देखूँ कि इसे समाप्त कर चुकी हो, नहीं तो मार-मार कर चमड़ी उधेड़ दूँगा। मालती ने चुपचाप किताब ले ली, पर क्या उसने पढ़ी? वह नित्य ही उसके दस पन्ने, बीस पेज, फाड़ कर फेंक देती, अपने खेल में किसी भाँति फ़र्क न पड़ने देती। जब आठवें दिन उसके पिता ने पूछा, ''किताब समाप्त कर ली?'' तो उत्तर दिया...''हाँ, कर ली,'' पिता ने कहा, ''लाओ, मैं प्रश्न पूछूँगा, तो चुप खड़ी रही। पिता ने कहा, तो उद्धत स्वर में बोली, ''किताब मैंने फाड़ कर फेंक दी है, मैं नहीं पढ़ूँगी।''

उसके बाद वह बहुत पिटी, पर वह अलग बात है। इस समय मैं यही सोच रहा था कि वह उद्धत और चंचल मालती आज कितनी सीधी हो गयी है, कितनी शान्त, और एक अखबार के टुकड़े को तरसती है... यह क्या, यह...

तभी महेश्वर ने पूछा, ''रोटी कब बनेगी!''

''बस, अभी बनाती हूँ।''

पर अबकी बार जब मालती रसोई की ओर चली, तब टिटी की कर्त्तव्य-भावना बहुत विस्तीर्ण हो गयी, वह मालती की ओर हाथ बढ़ा कर रोने लगा और नहीं माना, मालती उसे भी गोद में लेकर चली गयी, रसोई में बैठ कर एक हाथ से उसे थपकने और दूसरे से कई छोटे-छोटे डिब्बे उठाकर अपने सामने रखने लगी...

और हम दोनों चुपचाप रात्रि की, और भोजन की और एक-दूसरे के कुछ कहने की, और न जाने किस-किस न्यूनता की पूर्ति की प्रतीक्षा करने लगे।

हम भोजन कर चुके थे और बिस्तरों पर लेट गये थे और टिटी सो गया था। मालती पलंग के एक ओर मोमजामा बिछाकर उसे उस

पर लिटा गयी थी। वह सो गया था, पर नींद में कभी-कभी चौंक उठता था। एक बार तो उठकर बैठ भी गया था, पर तुरन्त ही लेट गया।

मैंने महेश्वर से पूछा, ''आप तो थके होंगे, सो जाइये।''

वह बोले, ''थके तो आप अधिक होंगे... अठारह मील पैदल चल कर आये हैं।'' किन्तु उनके स्वर ने मानो जोड़ दिया... थका तो मैं भी हूँ।''

मैं चुप रहा, थोड़ी देर में किसी अपर संज्ञा ने मुझे बताया, वह ऊँघ रहे हैं।

तब लगभग साढ़े दस बजे थे, मालती भोजन कर रही थी।

मैं थोड़ी देर मालती की ओर देखता रहा, वह किसी विचार में - यद्यपि बहुत गहरे विचार में नहीं, लीन हुई धीरे-धीरे खाना खा रही थी, फिर मैं इधर-उधर खिसक कर, पर आराम से होकर, आकाश की ओर देखने लगा।

पूर्णिमा थी, आकाश अनभ्र था।

मैंने देखा-उस सरकारी क्वार्टर की दिन में अत्यन्त शुष्क और नीरस लगने वाली स्लेट की छत भी चाँदनी में चमक रही है, अत्यन्त शीतलता और स्निग्धता से छलक रही है, मानो चन्द्रिका उन पर से बहती हुई आ रही हो, झर रही हो...

मैंने देखा, पवन में चीड़ के वृक्ष... गरमी से सूख कर मटमैले हुए चीड़ के वृक्ष... धीरे-धीरे गा रहे हों... कोई राग जो कोमल है, किन्तु करुण नहीं, अशान्तिमय है, किन्तु उद्वेगमय नहीं...

मैंने देखा, प्रकाश से धुँधले नीले आकाश के तट पर जो चमगादड़ नीरव उड़ान से चक्कर काट रहे हैं, वे भी सुन्दर दीखते हैं...

मैंने देखा - दिन-भर की तपन, अशान्ति, थकान, दाह, पहाड़ों में से भाप से उठकर वातावरण में खोये जा रहे हैं, जिसे ग्रहण करने के लिए पर्वत-शिशुओं ने अपनी चीड़ वृक्षरूपी भुजाएँ आकाश की ओर बढ़ा रखी हैं...

पर यह सब मैंने ही देखा, अकेले मैंने... महेश्वर ऊँघे रहे थे और मालती उस समय भोजन से निवृत्त होकर दही जमाने के लिए मिट्टी का बरतन गरम पानी से धो रही थी, और कह रही थी...''अभी छुट्टी हुई जाती है।'' और मेरे कहने पर ही कि ''ग्यारह बजने वाले हैं,'' धीरे से सिर हिलाकर जता रही थी कि रोज़ ही इतने बज जाते हैं...

मालती ने वह सब-कुछ नहीं देखा, मालती का जीवन अपनी रोज़ की नियत गति से बहा जा रहा था और एक चन्द्रमा की चन्द्रिका के

लिए, एक संसार के लिए रुकने को तैयार नहीं था...
चाँदनी में शिशु कैसा लगता है इस अलस जिज्ञासा से मैंने टिटी की ओर देखा और वह एकाएक मानो किसी शैशवोचित वामता से उठा और खिसक कर पलंग से नीचे गिर पड़ा और चिल्ला-चिल्ला कर रोने लगा। महेश्वर ने चौंककर कहा - ''क्या हुआ?'' मैं झपट कर उसे उठाने दौड़ा, मालती रसोई से बाहर निकल आयी, मैंने उस 'खट्' शब्द को याद करके धीरे से करुणा-भरे स्वर में कहा, ''चोट बहुत लग गयी बेचारे के।''
यह सब मानो एक ही क्षण में, एक ही क्रिया की गति में हो गया। मालती ने रोते हुए शिशु को मुझसे लेने के लिए हाथ बढ़ाते हुए कहा, ''इसके चोटें लगती ही रहती है, रोज़ ही गिर पड़ता है।''
एक छोटे क्षण-भर के लिए मैं स्तब्ध हो गया, फिर एकाएक मेरे मन ने, मेरे समूचे अस्तित्व ने, विद्रोह के स्वर में कहा - मेरे मन न भीतर ही, बाहर एक शब्द भी नहीं निकला - ''माँ, युवती माँ, यह तुम्हारे हृदय को क्या हो गया है, जो तुम अपने एकमात्र बच्चे के गिरने पर ऐसी बात कह सकती हो - और यह अभी, जब तुम्हारा सारा जीवन तुम्हारे आगे है!''
और, तब एकाएक मैंने जाना कि वह भावना मिथ्या नहीं है, मैंने देखा कि सचमुच उस कुटुम्ब में कोई गहरी भयंकर छाया घर कर गयी है, उनके जीवन के इस पहले ही यौवन में घुन की तरह लग गयी है, उसका इतना अभिन्न अंग हो गयी है कि वे उसे पहचानते ही नहीं, उसी की परिधि में घिरे हुए चले जा रहे हैं। इतना ही नहीं, मैंने उस छाया को देख भी लिया...
इतनी देर में, पूर्ववत् शान्ति हो गयी थी। महेश्वर फिर लेट कर ऊँघ रहे थे। टिटी मालती के लेटे हुए शरीर से चिपट कर चुप हो गया था, यद्यपि कभी एक-आध सिसकी उसके छोटे-से शरीर को हिला देती थी। मैं भी अनुभव करने लगा था कि बिस्तर अच्छा-सा लग रहा है। मालती चुपचाप ऊपर आकाश में देख रही थी, किन्तु क्या चन्द्रिका को या तारों को?
तभी ग्यारह का घंटा बजा, मैंने अपनी भारी हो रही पलकें उठा कर अकस्मात् किसी अस्पष्ट प्रतीक्षा से मालती की ओर देखा। ग्यारह के पहले घंटे की खड़कन के साथ ही मालती की छाती एकाएक फफोले की भाँति उठी और धीरे-धीरे बैठने लगी, और घंटा-ध्वनि के कम्पन के साथ ही मूक हो जानेवाली आवाज़ में उसने कहा, ''ग्यारह बज गये...''

स्रोत:
सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय', 'विपथगा' कहानी संग्रह से

आज कुछ नया नहीं है

सब वस्तुएँ होते हुए भी,
एक बच्ची का जल्दबाजी में भारी भरकम आवाज़ में बोलना,
आज कुछ नया नहीं है?

नल का बीच में ही खटखट करना,
नवजात शिशु की अर्ध निद्रा टूटना,
हल्दी का डिब्बा बार-बार पीला पड़ जाना,
फुंकनी से बार-बार फूंक मारकर आग जलाना।
मध्य में महिला का आकर बोलना,
अरे! बहू कुछ नया नहीं है।

बुजुर्गों के दिमाग में प्राचीन स्मृतियों का बार-बार कौंध जाना,
कहानियाँ सुनाने के दौरान झट से बोल जाना
आज कुछ नया नहीं है,
हमारे समय में भी हुआ करता था।

झुंझलाहट और उबाऊपन के साथ एक व्यक्ति का हौदी भरना,
तभी एक क्रोध भरी आवाज़ का आगमन
उसकी झुंझलाहट का चिड़चिड़ाहट में तब्दील हो जाना।
बाल्टी भर जाने पर भी लगातार नल चलाते रह जाना,
उसी क्षण एक व्यक्ति का व्यंग्य भरी हँसी में मुस्कुराना,
और उसका क्रोध समाप्त हो जाना।

अंततः नल पर वार करते हुए ये कह देना
'आज कुछ नया नहीं है।'

शैलजा दूबे
एम. ए. हिन्दी उत्तरार्द्ध

The Physical Impossibility of Death in the Mind of Someone Living
by Damien Hirst

51

The Glass Between Us

If I were ever to outwit you,
I'll gift you a gigantic God,
fresh and stale,
powerful and pale—
that one interface between
life and death.

Have you ever seen fate
wrapped in wealthy waters,
unveiled as a musical artefact,
ready to be tricked
in a 10 by 6 swollen matrix?

Have you ever tasted water,
not one that regenerates
but one that decomposes
and goes down your
oesophagus(s)—

without first warning you
of an intriguing intercourse with
the bygone?

Modified past screams
of miseries
as decay is fished
and dropped onto the wings of
beautiful, blue emissaries:
full of fixity and hope.

Meanwhile,
formaldehyde,
the four-winged sorceress,
makes haste to
cup it in her hands
and kill its rotting taste,
hiding the symptoms
of freely-foaming phantoms.

The living watching the living
is such quotidian art.
Life and death,
life
and
death,
ring through the entire charade.

As a law,
life observes life,
and death gazes at death.
And, mind you,
any breaching of this rule
is nothing less than
a homicidal tool.

Come on, waste no time,
throw a coin, pay a price,
and watch the two worlds
intercept and race.

Behind the curtain,
I snigger and giggle
trying to sift through the
minutes left for bidding your
vanities farewell.

Finally, I appear as an
electrocuted dinosaur,
puffed up and shrunken
in an ongoing war
against time.

I am life, not death;
I am death, not life—
Only that I can no more profess
which is which

for I am God:
that one thread that ties
death to life
and life to death.

The glass between us vaporises;
our worlds diffuse into one.
I, a material oxymoron,
I, a lamentable Leviathan,
can command and dictate
as if I am the one and the only one
to replace that temporal interface.

Impossibility defines you and me
as we snatch and relish
life's tree. Yet, there lingers a
possibility to process death,
to process me
as we together struggle
to keep up the visages of
immortality:

after all,
decoding a carcass isn't
artistic perjury.

Shambhavi Misra
B. A. (H) English, Sem VI

शब्दों के पार : अनुवाद में मल्टीमोडालिटी

तकनीकी प्रगति के साथ जनसंचार के तरीकों में प्रतिदिन नए बदलाव आ रहे हैं। विश्व स्तर पर, यह मल्टीमीडिया अनुभवों और एक ऐसी दुनिया के जन संचार का युग है जहाँ दर्शक नवीनतम 'टेक्स्ट' को साझा करने का अधिकार माँगते हैं, चाहे वह फिल्म हो, गीत हो या कोई पुस्तक हो। विभिन्न वैचारिक धरातलों और आर्थिक एवं औद्योगिक स्तरों पर पारस्परिक भाषिक विनिमय बढ़ रहा है और इस विनिमय के साथ अनुवाद का प्रयोग और अधिक किया जाने लगा है।

साधारणतः एक स्रोत भाषा के 'टेक्स्ट' में निहित अर्थ या संदेश के समतुल्य संदेश को लक्ष्य भाषा में व्यक्त करने की प्रक्रिया को अनुवाद कहते हैं। संदेशों की यह समतुल्यता पहले अर्थ, फिर शैली की दृष्टि से निकटतम एवं स्वाभाविक होनी चाहिए। अनुवाद की यह परिभाषा पढ़ने-सुनने में सरल लगती है पर जब हम अनुवाद की प्रक्रिया का गहन अध्ययन करते हैं तो हमारा सामना कई सारे छिपे हुए जटिल प्रश्नों और अनिश्चितताओं से होता है, विशेषकर स्रोत भाषा और लक्ष्य भाषा में निहित शैली और अर्थ की पेचीदगियों से। इस संदर्भ में 'अर्थ' का क्या तात्पर्य है? 'टेक्स्ट' से हम क्या समझते हैं? अनुवाद की प्रक्रिया को साधारणतः लिखित शब्द तक ही सीमित कर दिया जाता है परन्तु आज के डिजिटल युग में जिन टेक्स्ट्स का अनुवाद किया जाता है वे किसी न किसी रूप में 'मल्टीमोडल' होते हैं।

संकेतविज्ञान, जिसे अंग्रेज़ी में 'सेमिऑटिक्स' (semiotics) कहा जाता है, अध्ययन का वह क्षेत्र है जो संकेतों और अर्थ बनाने की प्रक्रिया से संबंधित है। इस संदर्भ में मल्टीमोडल टेक्स्ट को ऐसे परिभाषित किया जा सकता है कि वह पाठ जिसका अर्थ एक से ज़्यादा सेमियॉटिक 'मोड' के जटिल एवं विविध मिश्रण से बनता है, मल्टीमोडल टेक्स्ट कहलाता है।

यहाँ 'मोड' शब्द से तात्पर्य है एक सेमियोटिक चैनल जिसका उपयोग एक टेक्स्ट की रचना करने में करते हैं। आम तौर पर हम मोड्ज़ को चार प्रकार में बाँटते हैं -

१) भाषा-संबंधी अर्थात लिखित और मौखिक शब्द
२) दृश्य-संबंधी जैसे फिल्म, फोटोग्राफ, पेंटिंग आदि
३) कर्ण-संबंधी जैसे गीत-संगीत, किसी वस्तु अथवा प्राणी की आवाज़
४) सांकेतिक-बॉडी लैंग्वेज, हाव-भाव, संचालन

इन सब सेमियॉटिक तत्वों के एक इंटरफेस (कागज़ या स्क्रीन) पर परस्पर मिलन से मल्टीमोडल टेक्स्ट के अर्थ का निर्माण होता है।

एक भाषा में लिखित कहानी या कविता का दूसरी भाषा में अनुवाद करने की प्रक्रिया से तो हम अच्छी तरह अवगत हैं।

सांकेतिक भाषा में चेहरे, हाथ, सिर और शरीर की स्थिति एवं संचालन गति अर्थ बनाने और समझने की क्रिया में महत्त्वपूर्ण हैं। चूंकि सांकेतिक भाषाएँ (sign languages) शब्दों, बॉडी लैंग्वेज और हाव-भाव को मिलाकर अर्थ का निर्माण करते हैं वह मल्टीमोडल संचार का एक अच्छा उदाहरण हैं।

किसी दृश्य और श्रव्य संबंधी टेक्स्ट के संदेश का लिखित या मौखिक रूप में अनुवाद करने के लिए या इसके विपरीत लिखित या मौखिक संदेश को दृश्य और श्रव्य संबंधी टेक्स्ट में परिवर्तित करने के लिए डिजिटल चित्रों, प्रतीकों, संकेतों, आवाज़ की रिकॉर्डिंग्स आदि का प्रयोग करना पड़ता है। फिल्म के पोस्टर्स, किताबों के कवर डिजाइन, मंच पर प्रस्तुत किए नाटक, वीडियो गेम्स, फिल्म की लिखित स्क्रिप्ट तथा किसी दृश्य के वर्णन की ऑडियो रिकॉर्डिंग- ये सब मल्टीमोडल टेक्स्ट्स के उदाहरण हैं।
जब हम किसी किरदार को पर्दे पर डायलॉग बोलते हुए देखते और सुनते हैं तो उसके द्वारा बोले जाने वाले शब्दों की गति, दो शब्दों के बीच का अंतराल, आवाज़ कितनी धीमी या ऊँची है- इन सब बातों से हम किरदार के मन की भावना और कहानी में उसकी भूमिका से अवगत होते हैं। इस संदर्भ में यहाँ दो प्रकार के महत्त्वपूर्ण मल्टीमोडालिटी अनुवादों- डबिंग एवं सब-टाइटलिंग का वर्णन आवश्यक है।

डबिंग

'डबिंग' किसी फिल्म या टीवी धारावाहिक की शूटिंग के उपरांत या अन्य प्रकार के वीडियो निर्माण के बाद की प्रक्रिया है, जिसमें डायलॉग्स के साथ-साथ अतिरिक्त रिकॉर्डिंग्स, जैसे गाने के बोल के अनुसार होंठ मिलाए जाते हैं और उसे मूल ध्वनि के साथ जोड़कर सम्पूर्ण साउंडट्रैक बनाया जाता है। डबिंग का उपयोग अक्सर विदेशी भाषाओं में बनी फिल्मों, वीडियो गेम्स, टी.वी. शृंखला, कार्टून्स आदि को स्थानीय भाषा में परिवर्तित करने के लिए किया जाता है। भारत जैसे बहुभाषिक देश में डबिंग कई भाषाओं में की जाती है, जैसे तमिल एवं तेलुगू फिल्मों की हिंदी में, हिंदी या अंग्रेजी प्रोग्राम्स की पंजाबी, गुजराती, बांग्ला जैसी क्षेत्रीय भाषाओं में इत्यादि। बहुचर्चित फिल्म स्पाइडर मैन 3 की भी डबिंग भोजपुरी में करने के बाद उसके डब्ड संस्करणों को भारत में जारी किया गया था। डबिंग का उपयोग ऑडियो गुणवत्ता में सुधार या बदलाव के लिए भी किया जाता है।

डबिंग की पूरी प्रक्रिया में अनुवादक की भूमिका मुख्य है। किरदार द्वारा बोला गया डायलॉग शैली और अर्थ की दृष्टि से लक्ष्य भाषा के समतुल्य होना चाहिए। इसके लिए अनुवादक को स्रोत एवं लक्ष्य भाषा के सांस्कृतिक संदर्भ का ज्ञान होना आवश्यक है। अनुवादक को इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि किरदार के होठों का संचालन लक्ष्य भाषा के अनुरूप हो। साथ ही, शब्दों और आवाज़ों की गति, लय, स्पष्टता एवं उच्चारण पर भी अनुवादक का ध्यान होना चाहिए।

सब-टाइटलिंग

सिनेमा घर में प्रदर्शित फिल्मों तथा टी.वी. शृंखलाओं में अक्सर जो संवाद तथा अन्य वाक्य अंकित होते हैं वो उस विदेशी भाषा के कार्यक्रम के वक्ता द्वारा कही गई बातों तथा अन्य क्रियाओं का स्थानीय भाषा में किया गया अनुवाद होता है। इसे अंग्रेज़ी भाषा में सब-टाइटल कहते हैं। सब-टाइटल की सहायता से दर्शक विभिन्न भाषाओं में बने दुनियाभर के कार्यक्रमों को समझकर उसका आनंद उठा सकते हैं।

सब-टाइटलिंग में ऑडियो-विज़ुअल टेक्स्ट की मल्टीमोडालिटी अनुवादक के लिए एक चुनौती भी है और संसाधन भी। आमतौर पर किसी फिल्म या टीवी प्रोग्राम के लिए सब-टाइटल्स बनाने की प्रक्रिया के दौरान, अनुवादक ऑडियो और वीडियो का बारीकी से अध्ययन करता है। वह किसी डायलॉग में प्रयुक्त शब्दों के स्वरूप से ज़्यादा उसके भावार्थ पर ध्यान केंद्रित करता है। उनमें कई सांस्कृतिक प्रसंग निहित होते हैं जिनसे लोगों को सामान्य भाषा अनुवाद द्वारा अवगत नहीं कराया जा सकता। अनुवादक को स्थानीय भाषा एवं संस्कृति के अनुसार उन सब-टाइटल्स में उचित संशोधन करना पड़ता है। उदहारण के लिए कोरियन भाषा में बनी फिल्म 'पैरासाइट' ले लीजिए जिसके एक दृश्य में जब किरदार संदेश भेजने वाले ऐप 'काकाओ टॉक' की बात करते हैं तो सब-टाइटल में उसका अनुवाद 'वॉट्सएप' दर्शाया जाता है जो अमेरिकी दर्शकों की सामाजिक समझ के अनुसार है।

कई बार अनुवादक को एक भाषा के स्वरूप और अर्थ दोनों को संरक्षित कर अनुवाद करना पड़ता है। इसके लिए वो नोट्स आदि का उपयोग करते हैं जो किरदार के डायलॉग्स खत्म होने के बाद भी पर्दे पर नजर आते हैं।

ऑडियो-विजुअल टेक्स्ट की मल्टीमोडालिटी अनुवादक के लिए विशेष चुनौतियाँ खड़ी करती हैं पर साथ ही अनुवाद की क्षमता की पहुँच को ऐसे लोगों तक लेकर जाती है जिनकी इनको आवश्यकता है। सब-टाइटल का उपयोग खासकर उन दर्शकों के लिए अत्यंत सहायक होता है जो सुन नहीं सकते। यह सब-टाइटल्स उन्हें गीत-संगीत तथा फिल्म के वातावरण में उत्पन्न अन्य आवाज़ें जैसे दरवाज़े की घंटी, चीखना-चिल्लाना, गोली की आवाज़ इत्यादि की जानकारी देते हैं। इसी प्रकार किसी विजुअल का ऑडियो विवरण उन दर्शकों को फिल्में एवं वीडियो का आनंद उठाने में सहायता होता है जो आंशिक या सम्पूर्ण रूप से देखने सक्षम नहीं है।

आज संचार के विभिन्न माध्यम जैसे लेखन, चित्र, संगीत एवं संकेत एक ही समय पर एक साथ आकर अर्थ का निर्माण कर रहे हैं। अर्थ-निरूपण की पुरानी धारणाएँ एवँ शैलियाँ नित उभरते संचार के प्रकार और माध्यमों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने में असमर्थ हैं। अनुवाद की प्रक्रिया जो भौगोलिक, सांस्कृतिक और वैचारिक दीवारों को ढहाकर किसी टेक्स्ट का अर्थ-निरूपण करती है, उसे आज के मल्टीमोडल संचार के वातावरण में, मल्टीमोडल संदर्भ में स्थापित कर एक नए रूप में समझने और करने की आवश्यकता है।

आर्ची राज
बी. एम. एम. एम. सी. तृतीय वर्ष

A Step Away from Them

It's my lunch hour, so I go
for a walk among the hum-colored
cabs. First, down the sidewalk
where laborers feed their dirty
glistening torsos sandwiches
and Coca-Cola, with yellow
helmets on. They protect them from
falling bricks, I guess. Then onto
the
avenue where skirts are
flipping above heels and blow
up over grates. The sun is hot,
but the
cabs stir up the air. I look
at bargains in wristwatches.
There are cats playing in sawdust.

On
to Times Square, where the sign blows
smoke over my head, and higher the
waterfall pours lightly. A
Negro stands in a doorway with a
toothpick, languorously agitating. A
blonde chorus girl clicks: he smiles
and rubs his chin. Everything
suddenly honks: it is 12:40 of a
Thursday.

Neon in daylight is a
great pleasure, as Edwin Denby
would write, as are light bulbs
in daylight. I stop for a cheeseburger at
JULIET'S CORNER. Giulietta
Masina, wife of Federico Fellini, è
bell' attrice. And chocolate malted. A
lady in
foxes on such a day puts her
poodle in a cab.

There are several Puerto
Ricans on the avenue today, which
makes it beautiful and warm. First
Bunny died, then John Latouche,
then Jackson Pollock. But is the
earth as full as life was full, of them?
And one has eaten and one walks,
past the magazines with nudes and
the posters for BULLFIGHT and the
Manhattan Storage Warehouse,
which they'll soon tear down. I used
to think they had the Armory Show
there.

A glass of papaya juice
and back to work. My heart is in my
pocket, it is Poems by Pierre Reverdy.

Frank O'Hara

Sandra Elizabeth Joseph
B.A. (H) English, Sem VI

लद्दाख के लोकनृत्य

भारत विविध संस्कृतियों का घर है। जिस प्रकार एक पंछी की पहचान उसके पंख से, उसके रंगों से उसका भेद किया जाता है, ठीक उसी प्रकार मनुष्य की पहचान उसकी संस्कृति से की जाती है। मूल रूप से मनुष्य की पहचान उसकी संस्कृति से की जाती है, या यूं कहें संस्कृति ही मनुष्य की परिचायक है। लद्दाख उत्तर भारत में स्थित है। यहाँ बर्फ़ से ढके ऊंचे सफेद पहाड़ और भूरे रंग के छोटे तथा मध्यम आकार के पहाड़ पाए जाते हैं। लद्दाख को शुष्क, ठंडी मरुस्थली भूमि भी कहा जाता है। अगर जम्मू कश्मीर भारत का ताज है तो लद्दाख उसमें लगे हीरे की तरह है, जिसकी चमक लोगों को आकृष्ट करती है।

लद्दाख अपनी संस्कृति के लिए जाना जाता है। यहाँ के गोम्पा, स्तूप, मॉनेस्ट्री और पैलेस इस समृद्ध संस्कृति को दर्शाते हैं। लद्दाख

स्रोत:
Guiness World record for largest ladakh dance-(Shondol) performed at naropa festival

बौद्ध धर्म का गढ़ है। इसे छोटा तिब्बत भी कहा जाता है, क्योंकि तिब्बत और लद्दाख की संस्कृति तथा धार्मिक विरासत एक सी है। यहाँ का इतिहास भी तिब्बत से जुड़ा हुआ है। यहाँ के लोग अपने कोमल हृदय तथा स्वभाव के लिए जाने जाते हैं।

आज मैं जिस नृत्य की बात यहाँ करना चाहती हूँ वह नृत्य है "शोंडोल नृत्य" । इसे 'शाही नृत्य' के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि प्राचीन समय में यह नृत्य सिर्फ राजाओं के सामने प्रस्तुत किया जाता था। इसमें वही स्त्री भाग ले पाती थी जो उच्च कुल से हो और जिसे 'टकशोसमा' या 'टकशोन' के नाम से जाना जाता था। इस नृत्य में स्त्रियाँ अपने सभी आभूषणों को 'पेरक' (फिरोजा तथा चांदी से बना हुआ) सिर पर पहन कर 'सूलमा, थीकमे पापू, ल्होगौर' (वस्त्र) हाथों में 'तूंगलक' (शंख से बनी हुई एक मोटी सी चूड़ी) आदि पहन कर नृत्य करती हैं।

इस नृत्य में तीन अलग-अलग नृत्य रूप मौजूद हैं, जिसमें से पहले दो के साथ गीत गाया जाता है। उस गीत में राजा और रानी के बाहरी स्वरूप का श्रृंगारिक वर्णन किया गया है। अंत में जो नृत्य रूप है उसमें सिर्फ संगीत उपकरणों (दामन , सुरना) के साथ नृत्य किया जाता है। अंत में तूंगलक के खनक के साथ 'स्कीनजूस' अर्थात एक प्रकार से बंदगी करते हैं।

इस नृत्य को 2018 में गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड का खिताब भी मिला था। इस नृत्य की यही विशेषता है कि नृत्य करने वाली स्त्रियों की संख्या यहाँ निर्धारित नहीं होती। दूसरी विशेषता यह कि इसे सिर्फ स्त्रियाँ करती हैं, ना कि पुरुष। आज भी यह नृत्य सिर्फ़ खास दिन पर ही किया जाता है और आज कोई भी स्त्री इस नृत्य में भाग ले सकती है। इसके लिए अब उच्च कुल का होना आवश्यक नहीं।
इसी प्रकार कौमपा सूमसक, आलीयातो, छपसक्यान नृत्य, स्पाऔ नृत्य, न्यौपा नृत्य, बरौकपा नृत्य तथा बालती नृत्य आदि मुख्य नृत्यों के नाम है।

स्टैनज़िन लाहडोल
एम. ए. हिंदी, उत्तरार्द्ध

"A memory of musk, the rebel face of hope"[1]: Translating Faiz through the Lens of Religion, Politics and Protest

This hush, while your ghazals lay in my palms,
was accurate, as is this hush which falls...
over all of us no
longer there to whom you spoke in Urdu.[2]

Translation spans a multitude of infinitesimally small linguistic choices potent enough to produce a vast array of interpretative possibilities. For instance, Faiz's poem 'Hum Dekhenge' or 'We shall see' has been curiously translated as being communal and 'anti-Hindu' by some, and secular and 'communist' by others. This paper seeks to probe into these paradoxically divergent streams of criticism regarding the translations of the poem. The conflict between the opposite factions majorly arises over the apparently religious signifiers in the poem. While one side translates the references as exclusively religious, the other claims that the semiotics of the poem have been neglected and the secular, metaphorical meaning forced into a religious mould. It becomes an academic and political imperative to study the complex interplay of religion and translation since both the 'academic disciplines of translation and religions have antecedents in comparative studies and methods'.[3] This paper, hence, aims at exploring the lacuna created by hushed up and untranslated metaphorical meaning in the light of the politics of poetry, protest and religion.

[1] Agha Shahid Ali. Interestingly, "musk" is an important Islamic symbol of the sanctity of man when in the presence of the Creator.

[2] Ibid.

[3] Hephzibah Israel

Such a contesting translation of Faiz is not a novelty. His poem 'Subh-e-azadi' (Dawn of Independence) serves the exemplary purpose; both the Left and the Right had political scruples over it and couldn't fathom the metaphorical opulence of, say the 'night bitten dawn' and 'stained light' (122). The Marxist historian and Faiz's friend Syed Sibt-e-Hasan claimed:

> *Those on the right said outright that it was a betrayal of the cause of Independence and that Faiz was against Pakistan.*
> *The critics on the Left said the poem was too vague, claiming that if the title was removed, it would be impossible to tell if the poem was about Independence. They also protested that the romantic symbols had lessened the impact of the poem [4] (85).*

Quite similar to the controversy regarding 'Hum Dekhenge', Faiz's fellow Progressive poet, Ali Sardar Jafri called 'Subh-e-azadi' 'half-truth' which could have been written by both an extremist Hindu organisation and a radical Islamist. Faiz should be, he opines, 'more forceful in his denunciation' (86).

[4] As cited by Al Madeeh Hashmi in *Love and Revolution: Faiz Ahmed Faiz (The Authorized Biography).*

What is neglected in both the cases is that translation does not exclusively work at a linguistic plane but is also, however implicitly, contextual and conceptual. In the analysis of 'Hum Dekhenge', what loomed large was the gaping void created by the invisibility of the multiple translators involved. Both sides claimed that their respective interpretive frameworks were inherent attributes of Faiz's poem, thereby neglecting the mediatory role played by translation. For them, either the poem could be inherently communal or immanently democratic. So the import of the work was rendered absolutely contingent upon the respective translations without (ironically) an acknowledgement of the same. This contingency of translation allows for the two disparate notions of the poem to fork out of the poetic symbols employed by Faiz. And hasn't Urdu had an extensive tradition of concealing politics in symbols carrying out Trojan-horse operations and in metaphoric signifiers deploying poetic creation for politic destruction? Indeed, in this sense, Faiz can be called the Bard of the Destructive-Creative; the system of religious metaphors he uses become the sites of an acerbic criticism of dictatorship. The conversational relationship between language, poetry, religion and politics in the context of Urdu literature in Pakistan is explained by Namita Gokhale and Malashri Lal:

> Pre-Partition Urdu was a secular, agnostic language, one capable of both the most brutal irony and the highest Romanticism.
> During the 1950s, as Pakistan entered into cycles of politico-military dominance, restrictions on free expression led to a heightened use of symbol and metaphor, thereby avoiding direct conflict with repressive forces (238).

One might therefore state that the symbols speculatively translated as Islamic in the poem 'Hum Dekhenge' could actually point, in Naomi Lazard's terms, towards the 'impossibility to call things by their right names' under the censorship imposed by Zia-ul-Haq's regime. While a reader of the Urdu text might easily grasp the symbols as political, the process of translating the full essence of the same could prove to be startlingly difficult. When a translated version is put into perusal without a thorough understanding of the context or with certain ethnocentric predispositions towards a 'foreign' text, it might lead to (mis)interpretations of the most incoherent kind. The following lines from Allama Iqbal's 'Wataniyat' or 'Nationalism', as it is often translated in English exemplify the same:

> In taaza khudaon mein bada sabse watan hai
> jo pairhan iska hai woh *mazhab* ka kafan hai
> [of all these recent deities, the nation is the greatest,
> and the cloth that makes its clothes is the shroud of *religion*] (Italics mine) (23)

The word ‘mazhab’ here, perhaps not very accurately, has been translated as ‘religion’. ‘Mazhab’ comes from the Arabic root word ‘za-ha-ba’ meaning ‘to go’ and it literally means a ‘route’. ‘Religion’, which comes from the root word ‘religare’ meaning ‘to bind’ is, hence, not a very apt rendering of the former. While in Hindi ‘mazhab’ could better be translated as ‘panth’ and not ‘dharma’, in English ‘mazhab’ may also translate into the ‘path of righteousness’ and not simply ‘religion’, the Urdu equivalent of which would be ‘deen’. It is, therefore, plausible to suggest that the secular connotations of ‘mazhab’ as the right path for a democratic country to follow have been shorn off in the English ‘religion’. The same problematics can be perceived in the translation of, say, the phrase ‘Khalq-e-Khuda’ in ‘Hum Dekhenge’. This phrase, which literally translates into ‘creation of God’ has been narrowly interpreted in several translations as referring to the Muslims exclusively as ‘the people of Allah’ thereby ringing the alarm bells of bigotry in the minds of bigoted and prejudiced ideologues. Similar to the word ‘Mazhab’, ‘Khalq-e-Khuda’ can also be an evocative emblem for a people-oriented democracy; a signifier, as the following line describes, for the ‘commonality’: ‘Jo mai bhi hoon aur tum bhi ho’, that is, ‘Which is I, as well as you’. For Faiz, it is this ‘Khalq-e-Khuda’ that will uproot the oppressive dictatorship and tyrant worship (42).

This brings one to the most contentious lines of the poem- 'Jab arz-e-Khuda ke Kaaba se Sab but uthwae jaenge", often translated as "From the abode of God, when all the idols will be taken out'. The Urdu word 'but' here would likely suggest the idols of tyranny, extreme nationalism and capitalism, all of which Faiz criticised in his works, as the following lines from his poem 'Zaalim' or 'Tyrant' depict:

> Mine is the new religion, the new morality.
> Mine are the new laws, and a new dogma.
> From now on the priests in God's temple
> will touch their lips to the hands of *idols*.
> Proud men, tall as cypress trees, will bend
> to lick the dwarves' feet, and taste the clay (44)

Quoting the aforementioned lines in 'Zia Unmourned', Salman Rushdie explores the link between political tyranny and pseudo-religious avowals. About Zia's rule, he claims "That such a situation should be described around the world as "stability" would be funny if it were not vile; that it had been concealed beneath the cloak of religious faith is more terrible still." (21) It can be argued that Faiz makes the dictator's religious politics boomerang on him; while Zia shrewdly appropriated, for his policies, the justification of religious sanctity, Faiz triumphs by ascribing to him the exact opposite, that which is denied sacredness in Zia's Islamic understanding. Observing the equation of the dictator with the idols, many Urdu-readers (chuckling to themselves) would have registered this victory of the poet over political absolutism, of Metaphor over inflexible Literalism.

Faiz himself chronicles this victory, and again through religious symbolism in the line '*Uthega an-al-Haq* ka naara' which translates to 'I am the *Truth*, the cry will rise' (43). While most translations instead write 'There will rise one cheer, I am *God*', giving the line explicitly religious overtones, others use the word 'Truth' which however, is also not spared a religious interpretation, as it is often equated to the Quranic idea of 'Tauheed'- complete belief in one God and rejection of the apotheosis of all other idols such as class, race and images. While some consider 'an-al-Haq' to have been used in an anti-Hindu spirit, others suggest that nothing could have been more distanced than communalism from the real essence of the term. Interestingly, Javed Akhtar went on to add to this that 'an-al-Haq' is 'not an Islamic thought' but was 'started by the Sufis' and that it is in fact 'in sync with the Advait philosophy' of 'Aham Brahma' (so much for the anti-Hindu labels!) (4).

The discussion around the symbolic sites of the poem allows one to see that all the religious signifiers have been translated literally into English which might contribute to a blunting of the poem's political sharpness. Does the poem then fall into the trap of conceptual transliteration? If it is indeed so, does it point towards a linguistic void in the target language with respect to the source language? Or is it simply the

result of trying to establish a strident correspondence between religious philosophies and linguistic sign-systems? Nevertheless, this process of translating religious symbols on a sheerly linguistic plane both exemplifies and dismantles what Eugene Nida proposed as 'dynamic equivalence' (29); and what Talal Asad calls the 'scientifically objective language of disciplinary and institutionalized textuality' (11). Does challenging the literal translation of religious symbols imply a questioning of the very processes of translation at our disposal? Or does it, contrarily, suggest an impossibility of translating religious signifiers? The latter supposition might make one conclude that such symbols are indeed a part of what Lynne Long would have termed the 'Holy Untranslatable' (11). However, if so be the case, then what is it that contributes to this untranslatability? Scholars like Leonard Greenspoon outrightly refuse the 'Holy' of any translatability by asserting that the true essence can never be transcribed from one language to another: "Bible translations are intended to supplement, not supplant; complement, not replace, the original."[5] (134) Others believe that translatability of the 'Holy' is conditional; while Kate Crosby suggests that a lack of 'relative vocabulary compatibility'[6] (102) between the two languages might make the 'Holy Untranslatable', Shackle opines that 'context rather than content', that is, 'the difficulty to adjust religious texts to various cultural settings'[7] is the cause behind it (51).

[5] *Translation and Religion: Holy Untranslatable?* Edited by Lynne Long.

[6] Ibid.

[7] Ibid.

This ‘difficulty’ in translation becomes even more perplexing alongside the fact that religions have employed translation for proliferation throughout their historical trajectories. In fact, Michael P. Dejonge and Christiane Tietz, in their work, Translating Religion: What is Lost and Gained? suggest a ‘convergence of interests between translation and religion’ arguing that ‘translation theory and not just practice developed in close relationship with religion’ (33). One is therefore lead to believe in the conditionality of translatability rather than in a complete impossibility of any real transfer from one language to another. Onur Toker believes that the ‘Holy’ can be translatable through a communication of context and the ‘underlying meaning’ between the religious and linguistic domains but not through ‘verbum pro verbo translation’[8]. (86) Peter Kirk, in the essay ‘Holy Communicative? Current Approaches to Bible Translation Worldwide’[9] stresses that the target readers/audience must be the deciding parameter in translations involving religion and that ‘the sense should take priority over the meaning’. (202)

[8] Ibid.

[9] Ibid.

These theorizations lean towards the hypothesis that religious symbolism can be translated only through an understanding of Descriptive Translation Studies and not Prescriptive Translation Studies. The former emphasizes on the contingency and multiplicity of inter-cultural, inter-linguistic and inter-religious transference of meaning which aptly necessitates a consideration of socio-historical factors involved in translation. It, therefore, also credits political contexts with their due contribution in defining translatability or untranslatability. The opposite is equally true. Translation as communication can significantly affect politics by ossifying, interrogating, enriching or deconstructing the political contexts. For instance, Seidman expostulates 'the fraught history of Jewish-Christian relationships as one primarily of translation politics'. (329) In cases such as the debate around Faiz's poetry, one finds, as Seidman further alleges, that "the performances of translation are events through which the religious 'Other' is created and in this very act plays a crucial part in identity formation."[10] (330)

The creation of an 'Othered' identity in fact propelled the fall out over Faiz's poem; the translation did not so much serve to kindle the conflict on religious grounds but rather reflected the already existing schisms-both inter and intra-national. Moreover, the distancing here was not singularly of a 'religious other' (330) as Seidman suggests, but also an intersection of a national, ethnic, cultural and political 'Other'.

[10] Seidman, as cited by Hephzibah Israel.

Now, paradoxically enough, this externalisation of the 'foreign' is paralleled by a 'domesticating' translation of the poem. Schleiermacher describes the two possible directional dynamics that translation can project- "Either the translator leaves the author in peace, as much as possible, and moves the reader towards him; or he leaves the reader in peace, as much as possible, and moves the author towards him."[11] (28) While Schleiermacher sides with the former translation practice as providing a more comprehensive cognition of the original work, what defined the course of the controversy around Faiz's poem was an example of the latter kind of translation: a case of domestication, of a violent seizure of a text by the centripetal forces of ethnocentrism and national chauvinism. It, thus, also portrayed, as Lawrence Venuti states in *The Scandals of Translation* that "The central contradiction of vernacular nationalist movements is that they are at once made possible and vulnerable by language." (95) The domestic translation hence produced, Venuti states, "sets going a process of identity formation that is double-edged. As translation constructs a domestic representation for a foreign text and culture, it simultaneously constructs a domestic subject, a position of intelligibility that is also an ideological position, informed by codes and canons, interests and agendas of certain domestic social groups" which furthermore contributes to the maintenance and ossification of domestic hierarchies (46). In the following dialogue, A. W. Schlegel satirises the nationalist ideology which imbues domesticating translations:

[11] As cited by Lawrence Venuti in *The Translator's Invisibility.*

> Frenchman: We look on a foreign author as a stranger in our company, who has to dress and behave according to our customs, if he desires to please.
> German: How narrow-minded of you to be pleased only by what is native.
> Frenchman: Such is our nature and our education. Did the Greeks not Hellenize everything as well?
> German: In your case it goes back to a narrow-minded nature and a conventional education. In ours education is our nature. [12](103)

On the other hand, the use of 'Hum Dekhenge' in student protests exemplified a translation process with an apt amount of 'foreignisation' in the sense of taking the readers to the authorial context and to an understanding of the Metaphoric in the poem. Therefore, in Venuti's words, such a translation process too has an 'identity-forming power but of a subversive kind. It "threatens to embarrass cultural and political institutions because it reveals the shaky foundations of their social authority." (113) Also, the almost fearful stance of religious defence on the part of some authorities shows that they are susceptible to what Venuti terms 'the scandals of translation' because translations, as the act of protest showed, can have 'somewhat unpredictable effects' which surpass 'the institutional controls that normally regulate textual interpretation, such as judgements of canonicity' (134). Foreignising translation appears as the medium of socio-political revision and ethno deviance at the hands of the protestors. Venuti substantiates that such a translation has a considerable potential for transgression:

[12] Ibid.

> Foreignising translation is a dissident cultural practice, maintaining a refusal of the dominant by developing affiliations with marginal linguistic and cultural values in the receiving situation, including foreign cultures that have been excluded because their differences effectively constitute a resistance to dominant values. (154)

What the student protest shared with Faiz's poem was such a 'resistance to dominant values'. However that is definitely not all. Faiz combined the traditional with the subversive (he crafted 'a contrapuntal rhetoric and rhythm' (26) as Agha Shahid Ali says) by using classical frameworks like ghazal and nazm but inducting the streak of revolution within the conventional trope of the 'Beloved'. Similarly the protestors against State violence brought a post-partition literary work to bear magnificently upon contemporary political milieu. Thus, both become instances of protest through poetry and in both 'you could hear old and new together', as Ali claims. (26)

Keeping the above-stated in mind, the translations which associate Faiz's work with exclusionary communalism appear facetious and the reader's incredulity towards them increases manifold. Instead, the sense of solidarity gets lucidly translated from metaphoric signifiers to verses championing a secular commonality. Perhaps, now the work becomes perfectly resonant with the craftsman, the same Faiz who said that the 'the measure of the breadth and width' of a person "are his mental and emotional relations with the rest of creation, especially those with whom he shares the human fraternity. Hence, the sorrow of love and the sorrow of the times are two aspects of the

same experience" and so "in my poems I try as much as possible to avoid using the first person singular and have always written 'we' instead of 'I'." (67)

